'हमारी छोटी सी गलती से हो सकता है बड़ा नुकसान'

- कपूर ने दिए सायबर क्राइम से बचने के टिप्स
- सहयोग अभियान के तहत कार्यशाला

इंदौर (आरएनएन)। सरकारी हो या निजी क्षेत्र हर स्थान पर इंटरनेट का उपयोग होने लगा है। इसका उपयोग करने में यदि छोटी सी भी गलती हुई तो बड़ा नुकसान हो सकता है। सायबर क्राइम से बचने के लिए सबसे जरुरी है जागरुकता। यदि इंटरनेट का प्रयोग करते समय हम अलर्ट रहेंगे तो कभी भी नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा।

उक्त विचार नारकोटिक्स एडीजी वरुण कपूर ने व्यक्त किए। वे सहयोग अभियान के तहत प्रेस इंफारमेशन ब्यूरो में कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। एडीजी ने कहा वर्तमान् समय में चाहे केंद्रीय अथवा राज्य शासन के शासकीय कार्यालय हों, कार्पोरेट/निजी क्षेत्र के कार्यालय हों, मीडिया का क्षेत्र हो, बैंकिंग, शेअर ट्रेडिंग, रेलवे या वायुयान सेवा आदि का क्षेत्र हो सभी जगह आधुनिक टेक्नॉलॉजी का उपयोग हो रहा है, इंटरनेट के माध्यम से सभी कार्यों को संपादित किया जा रहा है। व्यक्तिगत जीवन में भी लोग एंड्रायड मोबाईल पर वाट्सअप,ट्वीटर,फेसबुक आदि पर पूरी दुनिया से संपर्क में रहते है । ऐसी स्थिति में छोटी सी गलती से भी व्यक्तिगत अथवा संस्थागत नुकसान हो सकता है । इन सबसे बचने का मूल मंत्र है: जागरूकता । वर्तमान् समय में कार्य करने वाले कर्मियों को आधुनिक संचार उपकरणों का उपयोग दैनिक कार्यों में सतत् रूप से करना होता है । ऐसे में सभी नागरिकों को इंफारमेशन टेक्नॉलॉजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी होना नितांत आवश्यक है, क्योंकि जानकारी होगी तो ही वे गलती करने से बचेंगे । कपूर ने कहा आज हम असली एवं काल्पनिक दुनिया में समानांतार रूप से कार्य कर रहे है, अतः इस हेतु बनाये गये सुरक्षा मानकों को उसके अनुरूप अपनाना चाहिये व संभावित नुकसान से बचना चाहिये । इस अवसर पर बचाव के तरीके एवं तकनीक उपस्थितजनों को बताई गई। संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी एडीजी कपूर ने दिए। कपूर के इस स्वप्रेरित प्रयास की उपस्थित सदस्यों ने प्रशंसा की एवं कार्यशाला में दी गई जानकारी को बहुत ही लाभकारी एवं उपयोगी बताया। संस्थान की ओर से कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।